# Doon Public School Bhuj

## Worksheet

Class 5_Hindi दिनांक : 03/07/2020

**नोट :- निम्न कार्य अपनी अपनी वर्क शीट में सुंदर हस्तलेख में करें ।**

# Pre Mid Term

# संज्ञा व उसके भेद

परिभाषा - किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान या भाव के नाम का बोध कराने वाले शब्दों को संज्ञा कहते हैं | संज्ञा तीन प्रकार की होती है |

1. **व्यक्तिवाचक संज्ञा** - किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या प्राणी का बोध कराने वाले शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा कहलाते हैं | जैसे- आगरा , राम आदि |
2. **जातिवाचक संज्ञा** - एक ही जाति या वर्ग (सामान्य) के व्यक्ति, स्थान, वस्तु या प्राणी का बोध कराने वाले शब्दों को जातिवाचक संज्ञा कहते हैं | जैसे- आदमी, घर पुस्तक आदि|
3. **भाववाचक संज्ञा** - किसी भाव का बोध कराने वाले शब्द भाववाचक संज्ञा कहलाते हैं | ये भाव गुण, दोष, दशा, अवस्था आदि होते हैं | जैसे- बुढ़ापा, मिठास आदि |

**प्रश्न 1. नीचे दिए गए वाक्यों में से संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए|**

गरमी की छुट्टियों में मैं अपने मामा के साथ आगरा गया था | आगरा उत्तर प्रदेश में है |वहाँ मैने ताजमहल देखा | ताजमहल बहुत प्राचीन इमारत है | इसे शाहजहाँ ने अपनी पत्नी की याद में बनवाया था | दूर - दूर से लोग इसकी सुंदरता देखने आते हैं | यह बहुत आकर्षक है |

| **व्यक्तिवाचक** | **जातिवाचक** | **भाववाचक** |
|---|---|---|
| ताजमहल | इमारत | सुंदरता |

| | | |
|---|---|---|
| उत्तरप्रदेश | लोग | आकर्षक |
| आगरा | छुट्टियाँ | गरमी |

**प्रश्न 2. दिए गए वाक्यों में सही कथन के आगे ( √ ) और गलत कथन के आगे ( x ) का निशान लगाओ |**

1. सभी नाम संज्ञा कहलाते हैं | ☐
2. संज्ञा के 4 भेद होते हैं | ☐
3. 'हाथी' जातिवाचक संज्ञा है | ☐
4. 'पर्वत' जातिवाचक संज्ञा है | ☐
5. विशेष नामों को व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं | ☐

**प्रश्न 3. नीचे लिखे शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाओ |**

1. धोना - धुलाई
2. लम्बा - लंबाई
3. कठिन - कठिनाई
4. मोटा - मोटापा
5. मीठा -मिठास
6. लिखना- लिखावट
7. बहना - बहाव
8. अधिक -अधिकता
9. कड़वा -कड़वाहट
10. अच्छा - अच्छाई

**प्रश्न 4. निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्दों को रेखांकित करो और उनके भेद लिखो |**

1. वह कल रात को घर आया |________________________

2. हिरण इधर-उधर दौड़ रहे थे |_________________________

3. हिमालय पर्वत बहुत ऊँचा है |________________________

4. आज बहुत गर्मी है |     _________________________

5. हम लोग भारत में रहते हैं |_________________________

6. सेना आगे बढ़ रही है |    _________________________

7. पैदल चलने में कठिनाई हो रही है |_____________________

8. मेरी बहन खेल रही है |   _________________________

9. माली काम कर रहा है |   _________________________

10. लालकिला लाल रंग का है |_________________________

**प्रश्न 5. निर्देशानुसार दिए गए शब्दों को भाववाचक संज्ञा में बदलकर लिखिए |**

1. जातिवाचक से भाववाचक -

| | | | |
|---|---|---|---|
| मित्र | -मित्रता | मानव | - मानवता |
| बच्चा | -बचपन | बंधु | - बंधुत्व |

2. विशेषण से भाववाचक -

| | | | |
|---|---|---|---|
| ठंडा | -ठंडक | सफल | -सफलता |
| चतुर | -चतुराई | गरम | -गर्माहट |

3. क्रिया से भाववाचक -

| | | | |
|---|---|---|---|
| लिखना | -लिखावट | थकना | -थकावट |
| पढ़ना | - पढ़ाई | उड़ना | -उड़ान |

**प्रश्न 6. नीचे कुछ संज्ञा शब्द दिए गए हैं, उन्हें उनके नाम के अनुसार लिखिए |**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मंडली | त्योहार | अनामिका | पक्षी | देश |
| दीपावली | प्यार | गोमती | कंजूसी | अच्छाई |
| कानपुर | अपमान | दूध | हिमालय | मिठास |

| व्यक्तिवाचक |
|---|
| कानपुर |
| हिमालय |
| दीपावली |
| गोमती |
| अनामिका |

| जातिवाचक |
|---|
| पक्षी |
| त्योंहर |
| देश |
| मंडली |
| दूध |

| भाववाचक |
|---|
| मिठास |
| कंजूसी |
| अच्छाई |
| अपमान |
| प्यार |

**प्रश्न 7. रेखांकित शब्दों की संज्ञा का भेद लिखिए |**

1. विनीता की सादगी सबको अच्छी लगती है |

विनीता व्यक्तिवाचक

सादगी भाववाचक

2. <u>कमरे</u> की <u>सजावट</u> देखकर माँ बहुत खुश हुई |

कमरे जातिवाचक

सजावट भाववाचक

3. <u>खेतों</u> पर चींटियों के <u>दल</u> ने हमला कर दिया |

खेतों जातिवाचक

दल जातिवाचक

4. <u>पिताजी</u> का <u>स्वास्थ्य</u> ठीक नहीं है |

पिताजी जातिवाचक

स्वास्थ्य भाववाचक

**<u>नोट :- ( प्रश्न संख्या 2 एवं 4 विद्यार्थी स्वयं करें । )</u>**

## वाक्यांशके लिए एक शब्द

**परिभाषा -** कम शब्दों का प्रयोग करने के लिए शब्द समूह के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग करते हैं | इससे भाषा सरल, संक्षिप्त एवं प्रभावशाली बनती है |

**प्रश्न 1. नीचे दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए |**

| | |
|---|---|
| 1. प्रतिदिन होने वाला | दैनिक |
| 2. पंद्रह दिन में एक बार होने वाला | पाक्षिक |
| 3. जो ईश्वर को न मानता हो | नास्तिक |
| 4. जो अभिनय करती है | अभिनेत्री |
| 5. जो तेज़ न हो | निस्तेज |
| 6. जो देख नहीं सकता | अंधा |
| 7. आभूषण बनाने वाला | सुनार |
| 8. लिखने वाला | लेखक |
| 9. मांस खाने वाला | मांसाहारी |
| 10. अच्छी बुद्धि वाला | बुद्धिशाली |

**प्रश्न 2. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए |**

1.माधव गाँव में रहने वाला है | ________________

1. महादेवी वर्मा अच्छी कविता लिखती थीं | ________________

2. सोहन केवल शाक -सब्ज़ी खाता है | ________________

3. माया बोल नहीं सकती | ________________

4. दीपक डरता नहीं है | ________________

5. लालकिला इतिहास से संबंधित इमारत है | ________________

6. ताजमहल की सुंदरता का वर्णन नहीं किया जा सकता |

________________

7. मेरा छोटा भाई बहुत कम खाता है | ________________

8. गांधीजी हमेशा सत्य बोलते थे | ________________

9. इस मशीनी युग में किसी के हृदय में दया नहीं है |____________

10. रवि बहुत झगड़ा करता है | ________________

11. श्याम और अंकित साथ-साथ पढ़ते हैं | ________________

**प्रश्न 3. उचित मिलान कीजिए |**

| | |
|---|---|
| 1. जो श्रम करता हो | (क)अपराह्न |
| 2.दोपहर से पहले का समय | (ख) मंदबुद्धि |
| 3. दोपहर के बाद का समय | (ग) निर्भय |
| 4. देश-विदेश में घूमनेवाला | (घ) पूर्वाह्न |
| 5. जिसमें भय न हो | (ड) श्रमिक |
| 6.कम बुद्धिवाला | (च) पर्यटक |

**प्रश्न 4. रेखांकित शब्दों की जगह एक शब्द लिखो |**

1. नंदिनी <u>बहुत ज़्यादा बोलती है</u> | वाचाल

2. <u>नीचे लिखा हुआ</u> अनुच्छेद ध्यान से पढ़ें । निम्नलिखित

3. सलमान खान <u>लोगों में प्रिय</u> अभिनेता है | लोकप्रिय

4. दिल्ली में अनेक <u>देखने योग्य</u> स्थान है | दर्शनीय

**<u>नोट :- ( प्रश्न संख्या 2 एवं 3 विद्यार्थी स्वयं करें । )</u>**

# विलोम शब्द

**परिभाषा -** जो शब्द किसी शब्द का उल्टा अर्थ बताते हैं, उन्हें विलोम या विपरीतार्थक शब्द कहते हैं |

**प्रश्न 1. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए |**

1.अपेक्षा - उपेक्षा

2.अंदर -बाहर

3.सुंदर- कुरूप

4. यश- अपयश

5. क्षमा - दंड

6.मित्र - बैरी

7. अँधेरा - उजाला

8. जीवन- मरण

9.धर्म -अधर्म

10. कठिन - आसान

11. स्वतंत्र - परतंत्र

12. खुशी - गम

**प्रश्न2. दिए गए शब्दों के सही विलोम शब्द पर गोला लगाओ |**

1. आदि - शुरू समाप्त अंत
2. दयालु - निर्दय कृपण धूर्त
3. अंधकार - रोशनी उजाला प्रकाश

4. पंडित - मूर्ख विद्वान कवि

5. सजीव- प्रवेश निर्जीव पौधा

6. मौखिक - कथित जिह्वा लिखित

**प्रश्न 3. नीचे दिए गए शब्दों में 'अ' , 'अन' या 'अप' जोड़कर विलोम शब्द बनाओ |**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | धर्म | अधर्म |
| 2. | उचित | अनुचित |
| 3. | शगुन | अपशकुन _ |
| 4. | पवित्र | अपवित्र |
| 5. | व्यय | अपव्यय |
| 6. | यश | अपयश |
| 7. | प्रसन्न | अप्रसन्न |
| 8. | उपस्थित | अनुपस्थित |
| 9. | आदर | अनादर |
| 10. | मान | अपमान |
| 11. | उत्तीर्ण | अनुत्तीर्ण |
| 12. | सत्य | असत्य |

**प्रश्न 4. दिए गए शब्दों का उचित मिलान कीजिए |**

| | |
|---|---|
| 1.सामान्य | (क) निंदा |
| 2.क्षमा | (ख) अशिक्षित |
| 3. स्तुति | (ग) विशेष |
| 4. शिक्षित | (घ) अयोग्य |
| 5. योग्य | (ङ) निर्यात |
| 6. आयात | (च) दंड |

**<u>नोट :- ( प्रश्न संख्या 2 एवं 4 विद्यार्थी स्वयं करें । )</u>**

# विशेषण

**परिभाषा -** संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं | जिन शब्दों की विशेषता बताई जाती है, उन्हें विशेष्य कहते हैं| जैसे - नेहा मेहनती है | इस वाक्य में रेखांकित शब्द नेहा की विशेषता बता रहा है इसलिए वह विशेषण है और नेहा विशेष्य है |

विशेषण चार प्रकार के होते हैं -

1. **गुणवाचक विशेषण** - संज्ञा या सर्वनाम के गुण-दोष, रूप-रंग, दशा-स्थिति, आकार-प्रकार आदि का बोध कराने वाले शब्द गुणवाचक विशेषण कहते हैं | जैसे- सुंदर, लाल, बीमार, चौकोर, रंग-बिरंगा आदि |
2. **संख्यावाचक विशेषण** - इन विशेषण शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम कीसंख्या का बोध होता है | इसके दो उपभेद हैं -
   a) **निश्चित संख्यावाचक -** निश्चित संख्या का बोध होता है | जैसे- दोपुस्तकें
   b) **अनिश्चित संख्यावाचक -** निश्चित संख्या का बोध नहीं होता |जैसे- कुछ पुस्तकें
3. **परिमाणवाचक विशेषण** - जिन विशेषण शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम की मात्रा या नाप-तोल का बोध होता है | इसके दो उपभेद हैं -
   a) **निश्चित परिमाणवाचक** - निश्चित मात्रा का बोध होता है | जैसे- दस किलो चीनी

b) **अनिश्चित** परिमाणवाचक - निश्चित मात्रा का बोध नहीं होता | जैसे- कुछ फल

4. **सार्वनामिक विशेषण** - जो सर्वनाम संकेत द्वारा संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताता है | जैसे -यह, वह, हमारा आदि |

* प्रविशेषण - जो शब्द विशेषणों की भी विशेषता बताता है, उसे प्रविशेषण कहते हैं | जैसे- बहुत लंबा, काफी ठंडा आदि |

**प्रश्न 1. दिए गए वाक्यों में विशेषण शब्द पर घेरा लगाकर उसका भेद लिखिए |**

1. **<u>प्यासा</u>** कौआ इधर-उधर भटक रहा था | गुणवाचक

2. मेघालय एक **<u>पर्वतीय</u>** राज्य है | गुणवाचक

3. वन हमारी **<u>राष्ट्रीय</u>** संपत्ति है | गुणवाचक

4. बुध एक **<u>चमकीला</u>** ग्रह है | गुणवाचक

5. पानी में **<u>तीन</u>** हंस तैर रहे थे | संख्यावाचक

6. खेत से **<u>थोड़ी</u>** मिट्टी ले आओ | परिमाणवाचक

7. **<u>यह</u>** घड़ी नई है | सार्वनामिक

8. **<u>मेरा</u>** दोस्त बीमार है | सार्वनामिक

9. बगीचे में **<u>लाल</u>** गुलाब है | गुणवाचक

10. घर में **<u>काला</u>** साँप घुस गया | गुणवाचक

11. बोतल में **<u>थोड़ा</u>** पानी है | परिमाणवाचक

12. मैदान में बाहर **<u>कुछ</u>** बच्चे खेल रहे हैं | संख्यावाचक

13. **<u>हमारा</u>** परिवार बड़ा है | सार्वनामिक

14. **<u>नीला</u>** कपड़ा ले आओ| गुणवाचक

15. शहर में **<u>बड़ी</u>** इमारतें होती हैं | गुणवाचक

**प्रश्न 2. विशेषण को विशेष्य से मिलाओ |**

1. तीन मीटर (क) वृक्ष
2. होशियार (ख) शहद
3. छायादार (ग) विमान

| | |
|---|---|
| 4. लड़ाकू | (घ) कपड़ा |
| 5. प्राकृतिक | (ड.) लड़का |
| 6. मीठा | (च) सुन्दरता |

**प्रश्न 3. प्रत्येक के लिए एक-एक विशेषण लिखिए |**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. मित्र | ____________ | 4. कहानी | ________________ |
| 2.अध्यापिका | ____________ | 5. भारत | ________________ |
| 3.फूल | _____________ | 6. माँ | ________________ |

**<u>नोट :- ( प्रश्न संख्या 2 एवं 3 विद्यार्थी स्वयं करें । )</u>**

# अपठित गद्यांश

**प्रश्न 1.नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यान से पढ़िए फिर नीचे दिएगए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |**

रैबीज़ एक जानलेवा खतरनाक बीमारी है| यह बीमारी मुख्य रूप से कुत्तों द्वारा फैलती है| कुत्तों में रैबीज़ दो प्रकार की होती है - उत्तेजक और मूक |उत्तेजक रैबीज़ ग्रस्त कुत्ता बगैर कारण के भौंकता और दौड़ता रहता है और लकड़ी, मिट्टी, घास आदि खाने लगता है और अधिकतम पाँचदिन के भीतर मर जाता है | मूक रैबीज़ में कुत्ता अनमना-सा हो जाता है और किसी अँधेरे और एकांत स्थान में बेहोशी की-सी अवस्था में पड़ा रहता है |इसी स्थिति में कुत्ता तीन से चार दिन में मर जाता है | रैबीज़ के वायरस मुख्यतः कुत्ते की लार में पाए जाते हैं |

1. रैबीज़ बीमारी मुख्य रूप से किनके द्वारा फैलती है?

___

2. कुत्तों में कितने प्रकार की रैबीज़ होती है?

___

3. ‘ उत्तेजक रैबीज़' से ग्रस्त कुत्ता क्या खाने लगता है?

___

4. मूक रैबीज़ से ग्रस्त कुत्ता कितने दिनों में मर जाता है ?

5. कुत्ते में रैबीज़ के वायरस कहाँ पाए जाते हैं ?

## अपठित पद्यांश

**प्रश्न 1. नीचे दिए गए पद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए|**

धरती माँ कर रही पुकार, पेड़ लगाओ यहाँ भरमार |
वर्षा के होंगे तब अरमान, अन्न पैदा होगा भरमार |
खुशहाली आएगी देश में, किसान हल चलाएगा खेत में |
सभी अपने दिल में सोच लो, दस-दस पौधे रोप दो खेत में |
पानी की कमी होगी दूर, धरा पर हरियाली होगी भरपूर |

1. धरती माँ क्या पुकार कर रही है ?
   धरती माँ की पुकार है की हम सब खूब सारे पेड़ लगाएँ ।
2. वर्षा आने पर किसान खेत में क्या करेगा ?
   किसान हल चलाकर अन्न पैदा करेगा ।
3. सबको दिल में क्या सोचने के लिए कहा है ?
   दस -दस पौधे उगाने के लिए कहा गया है ।
4. पेड़ लगाने से क्या होगा ?
   पेड़ लगाने से धरती हरी-भरी होगी व पानी की कमी दूर होगी ।
5. काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए |
   पेड़ हमारे मित्र
6. काव्यांश में से ‘धरती’ का समानार्थी ढूँढ़कर लिखिए | धरा
7. पद्यांश में से कोई दो भाववाचक संज्ञा ढूँढ़कर लिखिए |

हरियाली और खुशहाली

**नोट :- ( प्रश्न संख्या 1 विद्यार्थी स्वयं करें । )**